## खबर संक्षेप

### पानीपत की एक कॉलोनी से युवती हुई लापता

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी की निवासी युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं एक युवक ने लडकी के ताऊ को मोबाइल पर काल कर बताया कि उनकी भतीजी ने कोर्ट मैरिज कर ली है। जबकि लडकी हर रोज की तरह नौकरी करने के लिए निकली थी। लडकी के ताऊ की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने लड़की की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मतदाता जागरूकता रैली आज

**पानीपत।** जिला रेडक्रास सचिव गौरव रामकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर वोटरों व आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए रेडक्रास के सदस्यों व स्वयंसेवकों के माध्यम से एक मतदाता जागरूकता रैली बुधवार को प्रातः 10.30 बजे निकाली जाएगी तथा गरीब/जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध करवाने हेतु रेडक्रास भवन के प्रांगण में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र कुमार दहिया बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

### रेडक्रास में रक्तदान शिविर आज

**पानीपत।** विश्व रेडक्रास दिवस आठ मई के उपलक्ष्य में जिला रेड क्रास द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस के थीम पर एक जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत वोटरों व आमजन खासकर युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने व मतदान करने के लिय प्रेरित करने हेतू एक मतदाता जागरूक रैली निकाली जायगी। इसके अलावा जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध करवाने हेतु एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रास भवन में किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान, जिला रेडक्रास सोसाइटी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया होंगे।

### नौकरी का झांसा देकर नौ लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत के गांव आटा निवासी शीला को उसके पुत्र को रेलवे में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर नौ लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपी ने महिला के बेटे को रेलवे में नौकरी लगने का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया। जिसकी जांच करवाई तो खुलासा हुआ। वही, पुलिस को दी शिकायत में शीला ने बताया कि गांव बुडशाम के रहने वाले नरेंद्र व दो अन्य लोगों ने उससे रेलवे में नौकरी 9 लाख रुपये हड़प लिए। शीला ने बताया कि वह नरेंद्र की बुआ की लड़की राजबाला उसकी देवरानी लगती है। इसी कारण नरेंद्र का उनके घर आना-जाना था। ठगी का यह खेल 25 दिसंबर सन 2019 को शुरू हुआ था। पुलिस ने नरेंद्र आदि पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मादक पदार्थ के तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने गोहाना रोड पर आरडी फाइबर फैक्टरी के पास से मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में पानीपत के गांव बिंझौल निवासी कृष्ण पुत्र दरिया सिंह को गिरफ्तार किया है।

## भूमि मंडल संरक्षण अधिकारी की बैठक में डीसी ने की सुनवाई

# भूमिगत पाइप लाइन बिछाने के विवादों का हल किया

डीसी ने कहा कि हमें समस्याओं की गंभीरता को जानने का प्रयास करना चाहिए व हमारा प्रयास यही रहना चाहिए



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, किसानों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में संपन हुई। बैठक में डॉ. दहिया ने जिला भर से आये किसानों की भूमिगत पाइप लाइन दबाने को लेकर आ रहे ज्यादातर मामलों को प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मौके पर ही सुनवाई हल किया गया। उपायुक्त ने दोनों पक्षों के विचार सुनकर उनपर मंथन व चितंन किया और तीव्रता से उनका समाधान किया। बैठक में भूमिगत पाइप लाइन दबाने को लेकर कमेटी के सामने सात समस्याएं रखी गई। जिनमें ज्यादातर का मौके पर समाधान किया गया। वही, डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि हमें समस्याओं की गंभीरता को जानने का प्रयास करना चाहिए व हमारा प्रयास यही रहना चाहिए कि किसी के साथ अन्याय न हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि भूमिगत पाइप लाइन से जुड़ी समस्याओं का हम अपने स्तर पर भी समाधान कर सकते है। इसके लिए हमें शांतिपूर्वक व सूझबूझ से काम लेना चाहिए। उपायुक्त ने किसानों की भूमिगत पाइप लाइन दबाने को लेकर सुमेर सिंह वासी उपमंडल समालखा की समस्या को समाधान करते हुए सड़क के किनारे पाइप लाइन डालने की अनुमति प्रदान की। दूसरी समस्या हासिम वासी अधमी की दोनों पक्षों द्वारा दी गई समस्या को गंभीरता से सूना व उसे सुनकर निरस्त कर दिया। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, डीएफओ विजय लक्ष्मी, मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी अश्विनी शर्मा के अलावा जिले भर के किसान मौजूद रहे।

# पर्यावरण को घना करें विद्यार्थी : डॉ. कपिल

- विद्यार्थियों को गर्मी के दुष्प्रभावों से बचते के लिए स्वस्थ रहने के लिए अनेक महत्वपूर्ण टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एमएएसडी पब्लिक स्कूल में सिविल मेडिकल ऑफिस की टीम से डॉ. कपिल डीएनओ ने वरिष्ठ मलेरिया इंस्पेक्टर राजेश और हेल्थ इंस्पेक्टर सतीश के साथ विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन के कारण शरीर पर होने वाले दुष्प्रभावों का वर्णन एवं इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस सेमिनार में डॉ.कपिल ने वरिष्ठ विद्यार्थियों को बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के प्रति सचेत करते हुए अपने खान-पान एवं स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभावों से बचते हुए स्वस्थ रहने के लिए अनेक महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। डॉ. कपिल ने कहा कि बढ़ती गर्मी में खाली पेट न रहे, सुबह के नाश्ते में पौष्टिक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ लें, पानी अधिक से अधिक पिएं, गर्मी में घर से बाहर ज्यादा न घूमें।

### इग्नू ने खोला री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल

- विद्यार्थी इग्नू के री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर अपनी फीस जमा करवा सकते है

**पानीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया गया है। उन्होंने बताया की जिन विद्यार्थियों ने कुली 2023 सत्र में वार्षिक पाठ्यक्रमों जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है ऐसे विद्यार्थी इग्नू के री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर अपनी द्वितीय और तृतीय वर्ष की फीस जमा करवा सकते है इसके साथ साथ जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2024 में सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है वे भी जुलाई 2024 सत्र में अपने अगले सेमेस्टर की फीस जमा करवा सकते है।

# सुखमय जीवन के लिए आहार सही रखें : स्वामी शैलेंद्र

- स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हुए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और पर्याप्त नींद लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सोनीपत स्थित श्री रजनीश ध्यान मंदिर से ओशो के अनुज डॉ.स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने यहां एल्डिको में प्रवचन करते हुए बताया कि बेचैनी कई वजहों से हो सकती है। जैसे व्यक्तिगत कारण, गलत मानसिक धारणा, महत्वाकांक्षा, तनाव, मानसिक समस्याएं आदि। वहीं शांति के उपाय अलग-अलग व्यक्तियों और स्थितियों के आधार पर भिन्न उपाय कारगर हो सकते हैं, लेकिन कुछ सामान्य उपाय हैं। जैसे आध्यात्मिक ध्यान और भक्ति से मानसिक शांति का अनुभव करें। योग और प्राणायाम जैसी प्राकृतिक



तकनीकें एकाग्रता की शक्ति बढ़ाकर मानसिक शांति में मदद करती हैं। अपने जीवन को व्यवस्थित रखने के लिए परिवार, मित्र और साथी के साथ सकारात्मक और सुखद रिश्तों को बनाए रखें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हुए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और पर्याप्त नींद लें। स्वस्थ मनोरंजन और रिक्रेएशन के लिए समय निकालें जैसे कि पसंदीदा गतिविधियों संगीत सुनना, किताब पढना, जीवन शैली का बदलाव करना। पानीपत के ओशो फ्रेगरेंस ध्यान केन्द्र संचालिका मां रूबी ने बताया कि प्रतिमाह दो बार सोनीपत में ओशो ध्यान शिविर का आयोजन होता है। जिसमें स्वामी शैलेंद्र और मां प्रिया प्रवचन देते हैं।

# दुकान में आग लगी, भीषण नुकसान

- सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप स्थित एक दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग उस वक्त लगी, जब दुकान के भीतर पांच कर्मचारी काम कर रहे थे। जिन्होंने चिंगारी उठने के बाद लगी आग को देखकर दुकान से बाहर की ओर दौड़ लगा कर खुद की जान बचाई। वही, आग लगने की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मश्क्कत के



**पानीपत।** दुकान में दहकती आग। *फोटो : हरिभूमि*

बाद आग को बुझाया गया। लेकिन, तब तक आग में दुकान के भीतर रखा न केवल सामान, बल्कि कैश, मोबाइल फोन आदि समेत काफी सामान जल कर राख हो गया। इधर, उत्तर प्रदेश के कैराना के रहने वाले मोहम्मद इतिफाक ने बताया कि उसकी तहसील कैंप रोड पर बरसत चुंगी पर एक दुकान है। जिसमें वह पिछले कई सालों से कूलर के पैड बनाने का काम करता है। हर सीजन में वह यूपी से यहां आता है और पिछले 34 साल से यह काम करता है। उसके पास करीब 5 लोग काम करते हैं। यहां दुकान के ऊपर कमरे में 5 सदस्यीय परिवार रहता है। शाम लगभग 4 बजे उसकी दुकान में अचानक आग लग गई। आग एकदम इतनी तेज भड़की कि उसमें रखा 5 लाख तैयार माल, ढाई लाख रुपए कैश, 3 मोबाइल फोन, 3 डेबिट कार्ड समेत कपड़े व अन्य सामान जल गया। आगजनी में कुल 12 लाख से ज्यादा का नुकसान हो गया है। दमकल के अधिकारी दुकान में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच कर रहे है।

# विद्यार्थियों ने हिंदी काव्य पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टीकल्याणा में तीसरी से पांचवी तक की कक्षाओं में हिंदी भाषा में दक्षता लाने के उद्देश्य से हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने इतनी सुंदर तरीके से हिंदी कविताओं का उच्चारण किया कि सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी ए ने प्रथम, तीसरी बी ने द्वितीय तथा कक्षा पांचवी बी ने तृतीय स्थान



**पानीपत।** अपोलो इंटरनेरशल स्कूल में काव्य पाठ करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया और कहा कि हिंदी एक समृद्धभाषा है जो विश्व में अपनी एक विशिष्ट छाप छोड़े हुए हैं। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन ने बच्चों की हौंसला आफजाई करते हुए कहा कि हिंदी भाषा भारत की आत्मा है और हमारी प्रगति में सहायक है। इस मौके पर रीटा शर्मा, डिंपल, युक्ति, पलक, आकांक्षा, घनिष्ठा व ममता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने लूट के चार कुख्यात आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए टू पुलिस टीम ने आठ मरला रेलवे लाइन के पास टैक्सी ड्राइवर से उसकी हुंडई ओरा गाड़ी, मोबाइल, नगदी व जीटी रोड पर पर्ल ढ़ाबा के पास युवक से बाइक छीनने वाले चार आरोपियों आकाश पुत्र कुलदीप निवासी आजाद नगर पानीपत, लवली पुत्र संजीव निवासी सदर बाजार, गौरव पुत्र पपू निवासी शिव कॉलोनी व शिवम उर्फ कटप्पा पुत्र भरत निवासी मंगल कॉलोनी करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि लूट की वारदात बारे थाना मॉडल टाउन में आशीष पुत्र सूरज निवासी आठ मरला की शिकायत पर और बाइक छीनने की वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में राकेश पुत्र रामकिशन निवासी माछरौली की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### रिटायर कर्मियों ने बैठक की

**पानीपत।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला पानीपत की मीटिंग जिला प्रधान बलवाल सिंह की अध्यक्षता में सीटू कार्यालय में हुई। मीटिंग का संचालन सचिव भले राम ने किया। मीटिंग में राज्य कार्यकारिणी मेंबर सतबीर चालिया, वरिष्ठ उपप्रधान प्रीतम रावल, प्रधान ब्लॉक बापौली कली राम, श्रीचंद, ओमप्रकाश, उप प्रधान मदन रावल, दिलावर, इसराना प्रधान सीता राम, समालखा प्रधान ईश्वर शर्मा, मोहिंदर सिंह, रोहतास भापरा आदि मौजूद रहे।

### गोली मारने के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक निवासी वंशराज को घर से बुलाकर नहर पुल पर ले जाकर पिस्तौल से गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों मनीष, अमन व साहिल निवासी गांव सींक को सीआईए टू पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि थाना मतलौडा की उरलाना चौकी में गांव सींक निवासी वंशराज की शिकायत पर यह केस दर्ज है।

# गुरू रविंद्र नाथ टैगोर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

माता सीता रानी सेवा संस्थान के अंतर्गत चल रहे हाली अपना स्कूल में गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर का जन्म दिवस मनाया गया। गुरु रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। संस्था की अध्यक्ष कृष्णाकांता ने कहा कि गुरुदेवजी ने अपने संगीत से देश विदेश में जागृति लाने का


**पानीपत।** हाली स्कूल में गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए टीचर्स व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

काम किया। आज हम टैगोर की चीन यात्रा का जश्न मना रहे हैं। एक ऐसे समय में जब हम एशियाई लोग एक-दूसरे को नहीं जानते हैं। इस अवसर पर गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव एडवोकेट राम मोहन राय, हाली अपना स्कूल की मुख्याध्यापिका प्रिया लूथरा, माता सीता रानी सेवा संस्थान की महासचिव पूजा सैनी, मधु यादव, रोजी चावला, सोनिया गर्ग एवं परामर्श दात्री चेतना अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अवैध तरीके से चल रहे चार स्कूल बंद करने के आदेश

**पानीपत।** मौलिक शिक्षा निदेशालय, पंचकूला ने पत्र लिख कर पानीपत शिक्षा विभाग को सिटी पानीपत के अंदर अवैध तरीके से यानि गैर मान्यपता प्राप्त स्कूलों एमआर पब्लिक स्कूल, राज नगर, गली नंबर दो, नीलम पब्लिक स्कूल, विकास नगर, तेजस किड्स स्कूल, विकास नगर, एक्सएलएन पब्लिक स्कूल, विकास नगर को तत्काल बंद कराने के आदेश दिए है। वहीं पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने ये आदेश पानीपत शिक्षा विभाग को दिए है। जबकि पानीपत शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर पानीपत ब्लाक शिक्षा अधिकारी को उपरोक्त स्कूलों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए है। वहीं ब्लाक शिक्षा अधिकारी पानीपत ने उपरोक्त स्कूलों को नोटिस जारी कर स्कूलों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए है।

## साधु संतों की सेवा करना पुण्य का काम : अरूण दास

# गंगोत्री के संतों के लिए राशन भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कैलाशी सेवा समिति द्वारा ग्रीष्म काल में चार धाम की पदयात्रा करने वाले साधु संतों के लिए उत्तरकाशी, गंगोत्री, धराली एवं गंगोत्री में 62वें भंडारे के लिए आज पूज्य महंत स्वामी अरुण दास जी महाराज महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति उत्तराखंड के आशीर्वाद से साधु संतों के भंडारे के लिए एक ट्रक राशन सामग्री, दवाइयां, कंबल लेकर रवाना हुआ। इससे पूर्व गंगा धाम मंदिर श्री राम चौक के संचालक पं निरंजन पाराशर द्वारा विधिवत पूजा की गई। मुख्य अतिथि सुशील सिंगला, अजय राठौड़ द्वारा स्वामी जी का फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अरूण दास जी महाराज ने कहा कि


**पानीपत।** श्री कैलाशी सेवा समिति के राशन के ट्रक को गंगोत्री के लिए रवाना करते अरूण दास। फोटो :हरिभूमि

साधु संतों की सेवा करना पुण्य का काम है। कैलाशी सेवा समिति लम्बे समय से यह काम कर रही है जो बधाई की पात्र। समिति के प्रधान अशोक कैलाशी ने बताया कि 10 मई अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जब गंगोत्री धाम में मां गंगा के मंदिर कपाट खुलेंगे तो उस अवसर पर हजारों की संख्या में देश.विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बस स्टैंड गंगोत्री धाम में सभी तीर्थ यात्रियों के लिए समिति की ओर से प्रसाद वितरण किया जाएगा। अगले दिन गंगोत्री धाम में रहने वाले सभी साधु संतों के लिए मुमुक्ष सेवा दंडी क्षेत्र गंगोत्री धाम में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की धराली हर्षिल में आने वाले सभी पद यात्रियों, साधु संतों एवं कांवड़ लाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए भोजन प्रसाद, जलपान एवं रहने की व्यवस्था की जाती है जो की निर्बाध रूप से कपाट बंद होने तक गंगोत्री एवं धराली हर्षिल उत्तरकाशी में चलती रहती है। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जेपी शर्मा, सदस्य मा.नरेश गंगवानी, कप्तान सिंह मडौत्रा, कुलदीप गोयल, लव, पवन, ललित, प्रदीप तायल, सतीश सैनी, सुरेश प्रजापत, अनु, आशिष, सेवाराम सैनी, गोपाल सैनी, गोविंद सैनी, संजय बंसल, सुशील गुप्ता, अखिलेश मित्तल, सुभाष मडौत्रा,संजू, कैलाश नारंग, मनोज इत्यादि उपस्थित थे।

# ऑटो रिक्शा चालकों को ग्रे कलर की वर्दी पहननी होगी


**पानीपत।** जिला परिवहन अधिकारी डॉ.नीरज जिंदल, ऑटो रिक्शा चालक यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला परिवहन अधिकारी डॉक्टर नीरज जिंदल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जिला के ऑटो चालक से संबंधित विभिन्न यूनियन के प्रधानों को निर्देश दिए की शहर में वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सभी चालक ग्रे कलर की ड्रेस पहनना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी चालक बिना ड्रेस के ड्राइविंग करता हुआ पाया गया तो उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित यूनियन के प्रधानों को कहा कि वे सभी अपनी यूनियन के सभी सदस्यों को इस बात को लेकर निर्देश भी जारी कर दें। इस बैठक में सहायक सचिव आरटीए शम्मी शर्मा भी उपस्थित रहे। वहीं आरटीए शर्मा ने कहा कि ऑटो रिक्शा चालकों की यूनियन के पदाधिकारियों को अपने कार्यालय में बुला कर सख्त हिदायत दी गई है कि हर रिक्शा का चालक ग्रे कलर की वर्दी पहनेगा, वर्दी पहनने नहीं मिला तो ऑटो रिक्शा का चालान किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

उषा सतीजा धर्मपत्नी श्री विक्रम सतीजा निवासी मकान नम्बर 590 आर, माडल टाउन, राम शरण के पास पानीपत।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यह कि श्री विक्रम सतीजा सुपुत्र श्री रूप चन्द सतीजा की मृत्यु दिनांक 28.05.2021 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति जमुना देवी धर्मपत्नी श्री रूप चन्द सतीजा की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्री विक्रम सतीजा सुपुत्र श्री रूप चन्द सतीजा की मृत्यु उपरान्त 5 वारिस हैं :- 1. उषा (धर्मपत्नी) 2. संजय सतीजा (सुपुत्र) 3. राजीव सतीजा (सुपुत्र) 4. विशाल सतीजा (सुपुत्र) 5. अनामिका (सुपुत्री) श्री विक्रम सतीजा सुपुत्र श्री रूप चन्द सतीजा है। इनके इलावा अन्य कोई भी वारिस नही है।

यह कि श्री विक्रम सतीजा सुपुत्र श्री रूप चन्द सतीजा की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नही हैं। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 07.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।

